पहली बारिश में ही उखड़ गई भ्रष्टाचार की सड़क, जिम्मेदारों ने साधा मौन



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu. AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष महाविद्यालय
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830

## सचिव ने की स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा, की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ मनोरा विकास खंड के ग्राम करडेगा और छतौरी गांव का भी निरीक्षण किया

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सचिव भीम सिंह द्वारा मंगलवार को जिले में स्थापित मंथन फूड लैब और महुआ सेंटर का निरीक्षण किया गया और स्व सहायता समूह द्वारा संचालित कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह सुन्दर और प्राकृतिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा जिला हैं। यहां समूह को संगठित करके अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार द्वारा समूह के द्वारा किए गए कार्य एवं जसप्योर उत्पाद पर चर्चा की गई । सचिव भीम सिंह ने उत्पादों के मार्केटिंग एवं अन्य सुविधाओं जिससे समूह की महिलाओं और यहां के किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो सके उस संबंध में सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पोषित मां खुड़िया रानी कृषक उत्पादक संगठन तथा जय जंगल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष एवं निदेशक तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन ने बताया कि किस तरह से महुआ उत्पादन के विभिन्न स्वाद जैसे महुआ लड्डू महुआ चाय एवं जशपुर में उत्पादित चाय के द्वारा अन्य 14 प्रकार के स्वादिष्ट चाय तैयार किया जा रहे हैं और जिसकी मांग राज्य भर में एवं राज्य से बाहर भी काफी है उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बिक्री भी की जा रही है। सचिव भीम सिंह ने मनोरा विकास खंड के ग्राम करडेगा एवं छतौरी ग्राम पंचायत में स्थित जनमन कार्यक्रम अंतर्गत निर्मित विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के पीएम जन-मन आवास का भी निरीक्षण किया किया और परिवार चर्चा करके छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के विकास के लिए स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी और विशेष कर पहाड़ी कोरवा महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़ने और आजीविका संवर्धन हेतु विशेष कार्य करने हेतु सभी विभागों को निर्देश दिए। विकासखंड मनोरा एवं बगीचा में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों हेतु एक नई परियोजना प्रारंभ की जा रही है जिससे अत्यंत गरीब परिवार विशेष कर पहाड़ी कोरवा जनजाति के समेकित विकास के लिए कार्य किया जाएगा।



अच्छे कार्य के लिए स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्तिपत्र सौंपते सचिव।



स्व-सहायता समूह की महिलाओं से जानकारी प्राप्त करते सचिव भीमसिंह।

## खबर संक्षेप

### आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का पौधरोपण



**जशपुरनगर।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला जशपुर द्वारा अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस को मनाने हेतु 1 से 5 जुलाई तक विस्तृत कार्ययोजना जारी किया गया है। कार्ययोजना अनुसार 1 जुलाई मंगलवार को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गम्हरिया, दुलदुला एवं आरा में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। साथ ही समिति में साफ-सफाई कार्यक्रम एवं आदर्श उपविधि का वाचन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक तथा सहकारी समितियों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मेहता प्वाईंट की खाई में गिरी कार, चार घायल

**अम्बिकापुर।** मैनपाट घूमने गए पर्यटकों से भरी कार मेहता प्वाईंट के करीब लगभग 50 फीट गहरे खाई में जा गिरी। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार अधिक होने से ड्रायवर कार को नियंत्रित नहीं कर सका और सीधे 50 फीट गहरे खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें रेस्क्यू कर नर्मदापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही कमलेश्वरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और कार को बाहर निकालने कवायद कर रही है। घूमने गए सभी पर्यटक अम्बिकापुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

### कार सड़क किनारे खेत में पलटी, बाल-बाल बचे सवार

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 130 स्थित जजगा मोड़ पर बीती रात एक एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। दुर्घटना मध्यरात्रि 1.30 बजे की बताई जा रही है। बीती रात बिलासपुर के पांच लोग एक्सयूवी कार से बिहार राज्य जा रहे थे। चालक तेज रफ्तार से कार चला रहा था। कार जैसे ही जजगा मोड़ पर पहुंची चालक को झपकी आ गई और कार अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी सवारों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि सभी सवार सुरक्षित बाहर निकले। सुबह ट्रैक्टर की मदद से कार को खेत से बाहर निकाला गया तथा यात्री अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

### घर में अंग्रेजी शराब बिक्री कर रही महिला गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री कर रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के पास से ढाई हजार कीमत का अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे दरिमा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जमगवां निवासी महिला अपने घर में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब रख कर बिक्री कर रही है। सूचना पर पुलिस ने महिला के घर दबिश देकर उसके पास से ढाई हजार कीमत के 3.420 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया। पुलिस ने शराब को जब्त कर महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक नेतराम पैकरा, प्रधान आरक्षक सुजीत पाल,महिला प्रधान आरक्षक ज्योति कुजूर, आरक्षक तेजराम भगत, अलोक कुजूर सक्रिय रहे।

### हाथीसार और बोरोकोना के जंगलों में दो बड़ी कार्रवाई

## फिर फंसे गौ-तस्कर,छुड़ाया गया 37 गौ-वंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस ने एक बार फिर गौ-तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 37 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया है। दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। पुलिस की इस कार्रवाई को ऑपरेशन शंखनाद के तहत अंजाम दिया गया, जो जिले में सक्रिय गौ-तस्करों के खिलाफ चलाया जा रहा। अब तक इस अभियान के अंतर्गत 1100 से अधिक गौवंश मुक्त कराए जा चुके हैं और 128 तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

### और तेज़ होगा ऑपरेशन शंखनाद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बातचीत के दौरान बताया कि जिले में सक्रिय तस्करों को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य है। पुलिस ने अब तक 1100 से ज्यादा गौवंश तस्करी से बचाए हैं और 128 से अधिक आरोपियों को जेल भेजा गया है। ऑपरेशन शंखनाद जारी रहेगा और और भी सख्त होगा।



पुलिस गिरफ्त में गौ तस्करी का आरोपी।



छापामार कार्रवाई में बरामद गौवंश।

### पहले मामले हाथीसार जंगल से 21 गौवंश बरामद

30 जून की रात सिटी कोतवाली पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग हाथीसार जंगल के रास्ते भारी संख्या में गौवंशों को झारखंड ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशीष तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई और एसएसपी शशि मोहन सिंह को अवगत कराते हुए अभियान की अनुमति ली गई। पुलिस टीम ने रात के अंधेरे में जंगल में घेराबंदी की। कुछ दूर अंदर जाने पर टीम को दिखा कि करीब 21 नग गौवंशों को कुछ लोग बेरहमी से हांकते हुए ले जा रहे हैं। पुलिस को देखते ही तस्कर अंधेरे और पेड़ों की ओट लेकर भाग निकले। हालांकि उनकी पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। मौके से बरामद सभी 21 गौवंशों को सुरक्षित बाहर लाया गया।पशु चिकित्सक की टीम मौके पर बुलाई गई और इलाज कराया गया।

### दूसरे मामले में 16 गौवंश बरामद

2 जुलाई की सुबह करीब 4 बजे मनोरा पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम बोरोकोना के रास्ते गौवंशों को पैदल झारखंड ले जा रहे हैं। एसएसपी के निर्देश पर चौकी प्रभारी दिनेश पुरैना के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने ग्राम खरवाटोली के जंगल में घेराबंदी की। इस बार तस्कर पुलिस के हाथ चढ़ गया। आरोपी की पहचान गजिंदर लोहरा उम्र 38 वर्ष, निवासी गोविंदपुर, थाना जारी, गुमला – झारखंड के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 16 नग गौवंशों को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह गौवंश अफसर खान निवासी ग्राम लोधमा के कहने पर गोविंदपुर ले जा रहा था।

## कट्टे की नोक पर लूट करने वाला गांजा तस्करी में गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** कट्टे की नोक पर लूट कर चुका कुख्यात अपराधी अरुण कुमार नायडू एक बार फिर पुलिस के शिकंजे में है। इस बार वह गांजा तस्करी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने ऑपरेशन आघात के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को बोलेरो वाहन सहित दमेरा घाट में धर दबोचा। आरोपी के पास से 5 किलो 93 ग्राम मादक पदार्थ गांजा, जिसकी बाजार कीमत लगभग 75 हजार रुपए बताई जा रही है, तथा तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन,कीमत 2 लाख रु. जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को 1 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि जशपुर का पुराना बदमाश अरुण नायडू अपने बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 13 यू 1260 से ओडिशा की ओर से गांजा लेकर जशपुर आ रहा है। इस पर तत्काल थाना सिटी कोतवाली से विपिन किशोर केरकेट्टा के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना की गई। दमेरा चराईडांड रोड पर पुलिस ने डेरा जमाया था कुछ देर बाद पुलिस को चरईडांड की ओर से आती हुई वही बोलेरो गाड़ी दिखी। चालक को रोका गया और नाम पूछने पर उसने अरुण कुमार नायडू, निवासी बाधरकोना बताया। वाहन की तलाशी ली गई तो पीछे की सीट के नीचे 5 अलग-अलग ⏭ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मामले में एंड टू एंड जांच की जा रही

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा ऑपरेशन आघात के अंतर्गत लगातार कार्रवाई की जा रही है। अरुण नायडू के विरुद्ध की गई कार्रवाई इसी अभियान का हिस्सा है। पूरे मामले की एंड टू एंड जांच की जा रही है। जो भी व्यक्ति इस तस्करी में शामिल पाए जाएंगे, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

## सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन कलेक्टर जनदर्शन और टीएल के प्रकरणों को निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



टीएल की बैठक लेते कलेक्टर रोहित व्यास।

■ लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को भी नोटिस

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए स्वास्थ्य शिविर उनके बसाहटों में लगाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम है सभी स्वास्थ्य अमला मौसमी बीमारी से बचाव के लिए सारी तैयारियां सुनिश्चित रखें और सभी स्वास्थ्य केन्द्र में सभी जरूरी दवाइयां प्रर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से नहीं करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आम नागरिकों से जुड़ा हुआ विभाग है इसमें लापरवाही बिल्कुल भी नहीं चलेगी कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाएं कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान खाद्य विभाग से उचित मूल्य दुकान से राशनकार्ड धारी हितग्राहियों को चावल वितरण की जानकारी ली और सभी हितग्राहियों को तीन माह का चावल अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रभारी कार्यपालन अभियंता टीएन सिंह को बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने के कारण उनके विभाग से संबंध प्रकरणों की समीक्षा नहीं हो पाई जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर ⏭ शेष पेज 4 पर

### सहायक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस

विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने श्रीमती रफअत होदा सहायक शिक्षक (एलबी) प्राथमिक शाला टिमरला, विकास खंड जशपुर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार छग शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन अटल नगर रायपुर के परिपत्र के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के परिपालन में विकासखण्ड स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति के प्रस्ताव पर जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन उपरांत जिला स्तर समिति के द्वारा आयोजित काउंसलिंग को शासकीय प्राथमिक शाला टिमरला चयन कर जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के तहत पदांकित किया गया है। निर्धारित समयावधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आपका उपरोक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के सर्वथा विपरित है।

## पर्यावरण का संरक्षण हमारा सामूहिक उत्तरदायित्वः प्रियंवदा

**जशपुरनगर।** पर्यावरण संरक्षण हम सबका सामूहिक उत्तरदायित्व है। भारत सहित पूरे विश्व का मौसम चक्र तेजी से बदल रहा है। इसका असर आसमान से लेकर समुद्र तक देखा जा सकता है। अगर आज भी हम नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। यह बातें राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव ने कही।

वे शहर के बालाजी मंदिर के पास स्थित अपने नीजि कार्यालय में शहर के समाज प्रमुखों से पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा कर रही थी। इस दौरान समाज प्रमुखों ने अपनी-अपनी समाज की समस्याओं को रखते हुए इनके समाधान की अपील की।



कार्यक्रम के दौरान पौध वितरण करती प्रियंवदा।

**जूदेव ने प्रमुखों को रोपने के लिए पौधे किए भेंटः** पौधे देने के दौरान उन्होनें रोपित पौधों की उचित देखभाल करने की अपील भी की। उन्होनें कहा कि घर हो या कार्यालय,गांव हो या शहर हरियाली हर जगह सुंदरता को बढ़ाता है और हमें स्वस्थ्य जीवन देता है।

**जूदेव हरित उद्योग विकसित करना चाहते थेः** प्रियम्वदा सिंह जूदेव ने कहा कि दिलीप सिंह जूदेव पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह से समर्पित थे। यही कारण था कि उन्होनें जिले में हरित उद्योग विकसित कर इसे छत्तीसगढ़ का आक्सीजोन बनाना चाहते थे। उनके इसी सपने को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार कर रही है। सरकार के इस महती प्रयास में हम सबको योगदान देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक वानिकी को प्रोत्साहित करने के लिए एक पेड़ मां के नाम का देश व्यापी अभियान शुरू किया है।

### पाठ्य पुस्तक व किया गया साइकिल वितरण

## छात्राओं को तिलक व पुष्प गुच्छ भेंट कर मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**पत्थलगांव।** इंदिरा गाँधी कन्या हाई स्कूल में नवीन शिक्षा सत्र पर विद्यालय पहुंचे छात्राओं का स्वागत उत्सव के रूप में किया गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सदस्य भाजपा आइटी सेल की भारती शर्मा एवं स्कूल के सभी शिक्षकों की मौजूदगी में मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई।

ततपश्चात स्कूल के छात्राओं ने शाला विकास समिति के आए अतिथियों का स्वागत स्वागत गीत से किया। इसके बाद सभी नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्कूली पाठ्यक्रम एवं नए छात्राओं को शासन द्वारा दी जाने वाली साइकिल वितरण की गई । इस मौके पर शाला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती भारती शर्मा ने नव प्रवेशी छात्राओं को शुभकामनाएं देते उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा आप अपनी मंजिल इन्हीं पुस्तकों के बदौतल पा सकती हैं। छात्राओं से रूबरू होते हुए शाला विकास समिति के सदस्य जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आप सभी अपनी मंजिल को पा सकते है। बस पुस्तकों को अपना मित्र बना लीजिए इन पुस्तकों के बल बुते आप सभी अपने सभी सपने साकार कर सकते है। श्यामनारायण गुप्ता ने कहा सभी छात्राएं समय पर स्कूल आएं डिसिप्लिन में रहे सफ़लता आपके कदम चूमेगी। डॉक्टर बीएल भगत ने कहा कि स्कूल का कोई भी छात्रा राज्य के टॉप टेन में अपनी जगह बनाती है तो उन्हें 25 हजार रु का इनाम दिया जाएगा। श्रीमती उर्मिला पटेल ने कहा, सभी छात्राएं अपने शिक्षकों की बात माने और खूब मेहनत कर पढाई करे। श्रीमती सुचिता एक्का ने कहा यह स्कूल बड़ा स्कूल है सभी शिक्षक हुनरमंद है इनसे अपने सवाल को ज्यादा से ज्यादा पूछें और आगे बढ़ते जाएं। इस दौरान इंदिरा गांधी कन्या स्कूल भवन के खस्ताहाल पर चर्चा की गई। पूर्व में शाला विकास समिति ने स्थानीय विधायक गोमती साय से मिलकर स्कूल भवन मरम्मत को लेकर आवेदन दिया था जिसपर विधायक ने जिला शिक्षा अधिकारी से भवन मरम्मत पर फोन में बात की थी, पर दो महीने बीत जाने पर भी कोई सुध नहीं लेने पर आज शाला विकास समिति के सदस्यों ने जिला कलेक्टर रोहित ब्यास से फोन पर भवन के खस्ताहाल की जानकारी दी।



छात्राओं को पुस्तक भेंट करते अतिथि।

## शिक्षक साझा मंच का मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन



**पत्थलगांव।** शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षको ने अपनी चार सूत्रीय मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। शिक्षको की मांगों में क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने, पूर्व सेवा की गणना कर पेन्शन सहित समस्त लाभ प्रदान करने, पदोन्नति में बी.एड. प्रशिक्षण की अनिर्वायतः शिथिल कर डी.एड. प्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग को भी पूर्व की तरह पदोन्नति हेतु अवसर प्रदान करने, प्राचार्य के 10 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से तत्काल पूर्ति करने एवं 2 अगस्त 2024 के युक्तियुक्तकरण नियम के तहत हुए पदांकन को निरस्त कर 31 मार्च 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तकरण करने की मांग शामिल है। शिक्षकों ने कहा है 1 जुलाई 2025, दिन मंगलवार को प्रातः 12.00 बजे से शनि मंदिर पत्थलगांव धरना स्थल में धरना प्रदर्शन एवं एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री,स्कूल शिक्षा मंत्री, वित्तमंत्री, मुख्यसचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, वित्त सचिव, डीपीआई के नाम ज्ञापन सौंपा गया। विकासखंड स्तरीय धरना में विकासखंड पत्थलगांव के शिक्षक साझा मंच के समस्त विकासखंड संचालक गण के साथ अधिक संख्या में शिक्षक समुदाय उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जिले में पदस्थ एएसआई चंद्रिका प्रसाद एएसआई राजाराम हुए सेवानिवृत्त

**सूरजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एएसआई चनद्रिका प्रसाद ने 41 वर्ष तथा एएसआई राजाराम ने 37 वर्ष तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। सोमवार को जिला पुलिस कार्यालय में दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत्त एएसआई के परिजन भी मौजूद रहे। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर समेत कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि सेवा में आए है तो सेवानिवृत्त होना एक प्रक्रिया है। जब हम अपनी सेवा के दौरान अच्छे कार्य करते है, आमजनता के भरोसे पर खरे उतरते है, अच्छे कार्य कर दूसरों की समस्या का समाधान करते है तब हमारी एक अलग पहचान बनती है। पुलिस की सेवा में कई बार कठिन स्थिति का सामना करना पड़ता है वह हमें नई चीजे सिखाता है। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्ति के बाद नई ऊर्जा के साथ एक नई शुरूवात करें। सेवानिवृत हुए दोनों एएसआई के अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर एसएसपी ने सेवानिवृत हुए एएसआई को साल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और पेंशन स्वीकृति सहित देय स्वत्वों का भुगतान के आदेश सौंपा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे दोनों एएसआई द्वारा अपने सेवा के अनुभव को साझा किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, डीएसपी अनूप एक्का, रितेश चौधरी, रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का किया गया सम्मान, स्वच्छता पखवाड़ा का समापन



**सोनगरा।** एसईसीएल भटगांव क्षेत्र में जून माह में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का सम्मान एवं स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह का आयोजन मैत्री भवन में महाप्रबंधक अरविंद झा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। स्टाफ अधिकारी भटगांव क्षेत्र राजकुमार शर्मा द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम क्षेत्र की विभिन्न इकाइयों से सेवानिवृत्त हुए 13 कर्मचारियों का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। तदोपरांत 16 से 30 जून तक क्षेत्र में स्वच्छ भारत के संकल्प के साथ मनाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान क्षेत्र के 8 विद्यालयों में आयोजित स्वच्छता संबंधी निबंध, प्रश्नोत्तरी एवं कला प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 86 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही जरही मोड़ पर स्वच्छता संबंधी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाले डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के उद्देश्य से लोगों को पारंपरिक थैले का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही स्वच्छता जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की। इस दौरान भटगांव क्षेत्र की संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य, विभागाध्यक्ष एवं अन्य संगठनों के सदस्य, अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला घायल, उपचार जारी

**अम्बिकापुर।** घर के आंगन में बर्तन धो रही महिला अचानक आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गई।



महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोसगा चारपारा निवासी मानती पति राम फल (25 वर्ष) मंगलवार की दोपहर घर के आंगन में बर्तन धो रही थी। इसी दौरान तेज गरज चमक के साथ बारिश शुरू हुई। इसी बीच आकाशीय बिजली गिरने से महिला चपेट में आने से घायल हो गई। परिजन तत्काल महिला को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां महिला का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि महिला का एक हाथ काम नहीं कर रहा है।

### रजत जयंती के अवसर पर राजीव गांधी आदर्श विद्यालय में प्ले कक्षा प्रारंभ

**राजपुर।** राजीव गांधी आदर्श विद्यालय की रजत जयंती के अवसर पर प्ले कक्षा का शुभारंभ किया गया। रजत जयंती पर प्ले कक्षा के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि राजपुर व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ न्यायधीश आलोक पांडेय ने कहा कि शिक्षक ही हम सभी को ज्ञान देकर हमें प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर व अन्य क्षेत्रों के लिए प्रतिभावान बनाते हैं। हमें हमेशा अपने शिक्षकों के बताए राह का अनुसरण के साथ ही शिक्षकों का आदर करना चाहिए और अपनी रूचि अनुसार पढ़ाई में मन लगाकर करना चाहिए। न्यायधीश ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा की। वही कार्यक्रम को पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान संतोष सिंह, पार्षद विशवास कुमार गुप्ता व स्कूल के शिक्षक, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे । मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्था के संरक्षक जितेंद्र गुप्ता ने किया।

## बायो संकाय में भारी भीड़, कट ऑफ गया 75.6 प्रतिशत

# शासकीय पीजी कॉलेज ने जारी की स्नातक कक्षाओं की मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय राजीव गांधी स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने मंगलवार को स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी की। मेरिट सूची जारी करने के साथ ही महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मेरिट सूची जारी होने के बाद कुछ विद्यार्थी सूची में अपना नाम देखने पहुंचे लेकिन किसी ने अभी प्रवेश नहीं लिया है।

**खास बात**

- प्रथम दिवस नाम देखने पहुंची छात्राएं, नहीं हुआ एक भी प्रवेश

राजीव गांधी पीजी कॉलेज में पिछले दो सालों से नई शिक्षा नीति के तहत निर्धारित पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। पिछले साल कॉलेज ने एसजीजीयू के माध्यम से प्रवेश का पंजीयन कराया था जिससे कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ा। इस बार कॉलेज ने स्वयं की वेबसाइट पर प्रवेश के लिए पंजीयन कराया था। पंजीयन की तिथि 30 जून तक निर्धारित थी। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया में स्नातक कला के 850 सीटों के लिए 1321 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया था। इसी तरह स्नातक विज्ञान अंतर्गत गणित संकाय की 275 सीटों के लिए मात्र 262 आवेदन, विज्ञान बायो संकाय की कुल 250 सीटों के लिए सर्वाधिक 1075 तथा स्नातक वाणिज्य संकाय की 440 सीटों के लिए 615 एवं बीसीए की 60 सीटों के लिए 179 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। ऑनलाइन पंजीकृत विद्यार्थियों की सूची निकालकर प्राध्यापकों की टीम अपराह्न 2 बजे तक मेरिट सूची तैयार करने की मशक्कत करती रही। कई दौर की जांच उपरांत मेरिट सूची जारी की गई । मेरिट सूची के आधार पर 9 जुलाई तक पंजीकृत विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा तथा सीटें रिक्त रहने पर 10 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी। मंगलवार को दोपहर में थोड़ी देर के लिए मौसम साफ हुआ तथा धूप निकली तो बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपना नाम देखने पहुंचे। सुबह कुछ छात्राएं एवं अभिभावक भी पहुंचे थे लेकिन मेरिट सूची जारी नहीं होने के कारण सभी लौट गए। मेरिट सूची जारी होने के बाद बारी-बारी से बड़ी संख्या में छात्राएं अपना नाम देखने पहुंची लेकिन किसी ने भी अभी प्रवेश नहीं लिया है।



कॉलेज द्वारा जारी मेरिट सूची में अपना नाम खोजते विद्यार्थी।

**बायो संकाय का कटऑफ 76 प्रतिशत**

मेरिट सूची में स्नातक बायो संकाय के सामान्य वर्ग का कटऑफ 75.6 प्रतिशत है जबकि पिछड़ा वर्ग का 73.8 प्रतिशत, अनुसूचित जाति का 54 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का 70 प्रतिशत है। बायो संकाय में सीटों की संख्या कम होने के साथ ही प्रवेश के लिए चार गुना अधिक छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है। प्रथम मेरिट सूची से ही सभी सीटों पर प्रवेश होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके विपरीत स्नातक गणित संकाय की मेरिट सूची में सामान्य वर्ग का कटऑफ 65.6 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग का 46.8 प्रतिशत, अनुसूचित जाति का 52.8 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का 43 प्रतिशत है। प्रवेश के लिए कम पंजीयन होने के कारण सीटों के भरने की उम्मीद नहीं है लिहाजा कॉलेज को दूसरी मेरिट सूची जारी करनी पड़ेगी। स्नातक वाणिज्य के लिए सामान्य वर्ग का कट ऑफ 72.8 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग का 68.4 प्रतिशत, अनुसूचित जाति वर्ग का 45.2 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति का 41 प्रतिशत है। बीसीए में सामान्य वर्ग का कट ऑफ 71.8 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग का 65.2 प्रतिशत, अनुसूचित जाति का 54.8 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति का कटऑफ 62 प्रतिशत है।

**आज अन्य कॉलेज जारी करेंगे सूची**

शहर सहित संभाग भर के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय बुधवार को पहली मेरिट सूची जारी करेंगे। संभाग भर के महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए संत गहिरा गुरू विवि की वेबसाइट पर 30 जून तक पंजीयन कराने की सुविधा दी गई थी। विवि ने महाविद्यालयवार प्रवेश पंजीयन कराने वाले विद्यार्थियों की जानकारी संबंधित कॉलेजों को भेज दी है। सभी कॉलेज पंजीयन के आधार पर बुधवार को मेरिट सूची जारी करेंगे तथा प्रवेश की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी जाएगी। वर्तमान में रूक-रूक कर बारिश होने के कारण छात्र प्रवेश में रूचि नहीं ले रहे हैं। प्रवेश को लेकर छात्राएं गंभीर नजर आ रही है। मौसम खुलने के बाद प्रवेश में तेजी आने की संभावना है।

**चल रही प्रवेश प्रक्रिया**

कॉलेज द्वारा स्नातक कक्षाओं की मेरिट सूची जारी करने के साथ ही प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रथम दिवस किसी ने प्रवेश नहीं लिया।

-दीपक सिंह
प्रवेश प्रभारी, पीजी कॉलेज



## गांजा लेकर ग्राहक तलाश रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांजा लेकर ग्राहक तलाश रहे युवक को मणिपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 लाख 65 हजार कीमत के 6 किलो 6 सौ ग्राम गांजा जब्त किया। आरोपी पत्थलगांव से गांजा लगाकर शहर में खपाने के फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे मणिपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रिंग रोड ट्रांसपोर्ट नगर के समीप एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में गांजा रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मणिपुर पुलिस मौके पर दबिश देकर संदिग्ध हालत में घूम रहे जिला सिंगलौरी के माड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सितुल खुर्द निवासी अवधेश शाह आ. राम रतन शाह (24 वर्ष) को संदेह के आधार पर पकड़ पूछताछ की तो युवक पुलिस को गुमराह करने लगा। पुलिस ने जब उसके पास रखे बैग की तलाशी ली तो बैग से 1 लाख 65 हजार कीमत के 6 किलो 6 सौ ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ में युवक ने गांजा पत्थलगांव से लाने तथा शहर में खपाने के लिए ग्राहक तलाशने की बात बताई। पुलिस ने गांजा को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

कार्रवाई में मणिपुर थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, सहायक उप निरीक्षक शौकी लाल राज, सहायक उप निरीक्षक धीरज गुप्ता, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, अनिल सिंह, पवन गुलेरी सक्रिय रहे।

## किराए के मकान में चोरों का धावा पार किया नकदी समेत दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांधीनगर क्षेत्र स्थित एक किराए के घर का ताला तोड़ नगदी समेत महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम संबलपुर निवासी रंजिता एक्का आ. दयाशंकर एक्का (29 वर्ष) गांधीनगर निवासी राजेश गाईन के किराए के मकान में पिछले 10 साल से रह रही है। गत दिन काम के सिलसिले में किराए के घर में ताला लगाकर अपने घर गई थी। दूसरे दिन वापस लौटी तो देखा दरवाजे में लगा ताला टूटा व कमरे में सामान बिखरे हुए थे। युवती ने जब सामान की तलाशी ली तो पता चला कि चोरों ने घर से नगद 15 हजार रूपए के अलावा पासबुक,पहली से लेकर ग्रेजुएट तक की मार्कशीट एवं आधार कार्ड,पैन कार्ड लाइसेंस ,लॉ डिग्री का लाइसेंस एवं रिजल्ट ओरिजनल दस्तावेज गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने बाइक को जलने से बचाया

**खरसिया।** तहसील कार्यालय के सामने स्थित सेवकराम फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर मंगलवार शाम एक बड़ा हादसा होते.होते टल गया। जानकारी के अनुसार लगभग 4.30 बजे एक युवक अपने नवनिर्मित बाइक में पेट्रोल भरवाने पहुंचा। पेट्रोल भरने के कुछ ही क्षण बाद उसकी बाइक में अचानक आग लग गई।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय पोक्सो एक्ट में न्यायाधीश शुभ्रा पचौरी द्वारा राजपुर थाना में अभियुक्त बबलू सोनवानी एवं अन्य आरोपियों के विरुद्ध धारा 363, 376,(2)(ढ) एवं धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलील सुनते हुए फैसला सुनाते हुए आरोपी धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम पुरुषोत्तमपुर निवासी बबलू सोनवानी आ. स्व. प्रेम साय सोनवानी (24 वर्ष) को पॉक्सो एक्ट की धारा में 20 वर्ष की सश्रम कारावास एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। वही मामले के एक अन्य आरोपी तुलसी शर्मा को इसी मामले में दो वर्ष की सजा सुनाई गई।

न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजपुर थाना में पीड़िता किशोरी के पिता द्वारा अपराध पंजीबद्ध कराया गया था कि पीड़िता अपने घर से अपने दादा के यहां मेहमानी 8 जून 2022 को गई थी। इसी दौरान दोपहर 2 बजे घर में किसी को बताए बिना कहीं चली गई थी। परिजन किशोरी का गांव सहित रिश्तेदार के यहां पता कि लेकिन कहीं पता नहीं चला। परिजन ने घटना की रिपोर्ट राजपुर थाने में दर्ज कराई। पुलिस द्वारा जब मामले की विवेचना की गई तो पता चला कि अभियुक्त बबलू सोनवानी के साथ मिलकर नाबालिक का अपहरण कर बबलू सोनवानी उसे अंबिकापुर सीतापुर एवं रायगढ़ ले गया जहां पीड़िता के साथ उसने दुष्कर्म किया।

मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजेंद्र गुप्ता द्वारा मामले की पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष एवं बचाव पक्ष का तर्क सुनने के बाद न्यायाधीश शुभ्रा पचौरी ने बबलू सोनवानी को 20 वर्ष की सजा एवं 20 हजार रूपए अर्थ की सजा सुनाई। वही मामले में सहयोगी एक अन्य सहयोगी तुलसी शर्मा 2 वर्ष एवं 500 अर्थदंड की सजा पॉक्सो एक्ट की धारा 12 के तहत सजा सुनाई गई। मामले में तीन अन्य आरोपियों को दोष मुक्त किया गया।

### कोल कर्मचारियों से ओवर टाइम कराने छुट्टी में कार्य कराने से पूर्व महाप्रबंधक की अनुमती लेना होगा आवश्यक

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में अब कोल कर्मचारियों के अवकाश और ओवरटाइम ड्यूटी को लेकर क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने एक आदेश जारी किया है।एक जुलाई को जारी इस आदेश के तहत कोल अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से छुट्टी के दिन या ओवरटाइम के तहत काम पर लगाने से पूर्व क्षेत्रीय महाप्रबंधक से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा।उक्त आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अब से सभी अवकाश, ओवरटाइम ड्यूटी पर जीएम की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी,चाहे वह प्रस्ताव ई-ऑफिस के माध्यम से भेजा जाए या हार्ड कॉपी में, बिना महाप्रबंधक की मंजूरी के उसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। क्षेत्रीय महाप्रबंधक क्षेत्र डॉ संजय सिंह द्वारा जारी उक्त आदेश का मकसद कर्मचारियों का शोषण रोका जाना है,साथ ही कर्मचारियों की संतुलित कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके,पहले अकसर देखा गया है कि कर्मचारियों को बिना उचित अनुमति के छुट्टियों में या अतिरिक्त घंटे काम पर बुला लिया जाता था, जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता था। अब इस आदेश के बाद हर अतिरिक्त कार्य की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय होगी।जहां एक तरफ कर्मचारियों ने इस कदम का स्वागत किया है, वहीं कई अधिकारियों में इस आदेश के बाद कार्य प्रबंधन को लेकर असमंजस की स्थिति है, अधिकतर कर्मचारी इसे व्यवस्थित प्रणाली की तरफ एक सकारात्मक कदम मान रहे हैं।बिश्रामपुर क्षेत्र का यह आदेश अब काम के घंटे तय करने और कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत पहल माना जा रहा है।

- एक जुलाई को महाप्रबंधक ने आदेश किया जारी

## एसएसपी प्रशांत कुमार ने पुलिस जवानों को दी खास सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिसकर्मियों को 24 घंटे सातों दिन काम करना होता है। काम की अधिकता और व्यस्तता के चलते कई बार उन्हें जरूरी होने पर भी छुट्टियां नहीं मिल पाती है और कई बार तो ऐसी घटनाएं हो जाती हैं की उनका व्यक्तिगत कितना बड़ा काम क्यों न हो उन्हें ड्यूटी पर आना ही पड़ता है। छुट्टी मिलने के बावजूद हालात को देखते हुए उन्हें अपनी छुट्टियां कैंसल करनी पड़ जाती हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ के सूरजपुर पुलिस ने जवानों व अधिकारी को उनके बर्थ डे वाले दिन उन्हें ड्यूटी से राहत देते हुए उन्हें छुट्टी अथवा परमिशन दी जाएगी।

- बर्थडे पर पुलिस जवानों को मिलेगी छुट्टी, थाना-चौकी स्तर पर भी मनाया जाएगा जन्मदिन

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सोमवार को कोतवाली में पदस्थ एएसआई नंदलाल सिंह व विवेकानंद सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर केक कटवाकर उन्हें पुलिस परिवार की ओर से जन्म दिवस पर दीर्घायु व उज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस योजना की शुरूवात की है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि पुलिस कर्मचारी 24 घंटे सातों दिन ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, कई पुलिस जवान को अपने ड्यूटी के चलते अपना जन्मदिन तक याद नहीं रहता अथवा वे मना नहीं पाते। कुछ पुलिस जवान अपने घर परिवार से दूर ड्यूटी पर तैनात होने के चलते बच्चे के साथ अपना जन्मदिन सेलिब्रेट नहीं कर पाते। इसी के चलते उन्हें अपने पुलिस परिवार का अहसास दिलाते हुए उन्हें जन्मदिन मनाने और उस दिन उन्हें ड्यूटी से राहत देते हुए छुट्टी अथवा परमिशन देने की हर संभव प्रयास रहेगा। इस कदम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को उनके जीवन में महत्वपूर्ण दिवस पर राहत प्रदान करना है। अब से पुलिस अधिकारी व जवान अपने परिवार के साथ अपना जन्मदिन मना पाएगे। इसके लिए थाना-चौकी प्रभारियों को भी निर्देश दिए गए है।



## स्वास्थ्य शिविर में 467 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

सर्वेश्वरी समूह द्वारा जिले के दुरांचल क्षेत्र महुली में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन कर 467 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार एवं 200 असहाय माताओं बहनों को मच्छरदानी दिया गया।

अघोरेश्वर महाप्रभु राम एवं बाबा गुरुपद संभव राम के कृपा तथा बिहारी राम बाबा के मार्गदर्शन में गुरुदेव एवं मां अष्टभुजी गढ़वतिया देवी का पूजा, प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलित कर रविवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। जिले के दुरुस्त क्षेत्र महुली में सर्वेश्वरी समूह शाखा मकरी कुटिया द्वारा एक दिवसीय निशुल्क शिविर स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के गरीब बुजुर्ग, माताओं,बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में होम्योपैथिक के 70,आयुर्वेद पद्धति के 187 व एलोपैथिक 270 सहित कुल 467 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही क्षेत्र के 200 असहाय बुजुर्ग माताओं को मच्छरदानी वितरण किया गया। मकरी कुटिया के व्यवस्थापक बिहारी राम बाबा ने बताया कि पहले भी कई शिविर लगा चुके है अभी कुछ दिन पहले वाड़फनगर के पास भी शिविर लगाया गया था। महुली में आयुष विभाग और स्वास्थ्य विभाग से आए डॉक्टरों का अच्छा सहयोग रहा।

इस दौरान डॉ. आशीष शर्मा,डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा, डॉ. उपेंद्र सिंह, डॉ. श्वेता भगत, डॉ. वर्षा रोज टोप्पो, डॉ. बीएन पाण्डेय, रामशरण प्रजापति, बृजेश कुशवाहा, योगेश पटेल श्रवण राजवाड़े, अनुपलाल यादव, दिलीप जायसवाल, कृष्ण प्रसाद साह, रमेश कुमार यादव, जसवंत प्रसाद , बबलू कुशवाहा, दिनालाल सिन्हा, पूनमचंद गोयल, राजेश जायसवाल, विकास यादव, अभय यादव, लक्ष्मण जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बंद खदान में केबल चोरी करने घुसे 3 युवकों को त्रिपुरा बटालियन ने पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा 7-8 भूमिगत खदान में केबल चोरी करने के उद्देश्य से खदान के भीतर घुसे तीन युवक तीन दिन बाद खदान से बाहर निकले जिन्हें त्रिपुरा बटालियन के जवानों ने पकड़कर बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया है।

- तीन दिन तक खदान में छिपे रहने के बाद भूख प्यास से छटपटाकर मंगलवार की दोपहर बाहर निकले

बताया गया कि कुमदा 7-8 खदान से पिछले एक माह से पूरी तरह से कोयला उत्पादन बंद पड़ा हुआ है। यहां खदान के भीतर लगे केबल को काटकर चोरी कर ले जाने के उद्देश्य से तीन की संख्या में कबाड़ चोर युवक गत रविवार 29 जून मध्यरात्रि में खदान के भीतर घुसे एवं इनके द्वारा केबल काटने का प्रयास किया जा रहा था।खदान के गार्ड ने कुछ युवकों को मध्यरात्रि में बेल्ट लाइन के मुहाड़े से खदान के भीतर घुसते देख लिया लेकिन रात्रि में भयवश उसने चोरों को पकड़ने अथवा विरोध करने का साहस नहीं जुटा पाया, लेकिन उसने अपने उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी तत्काल दे दी।इस दौरान एसईसीएल कम्पनी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी बिना देर किए त्रिपुरा बटालियन की टीम को लेकर मौके पर पहुंच गए और घेरा बन्दी कर चोरों को खदान के भीतर से बाहर आने के लिए पुकार लगाने लगे।खुद को जवानों से घिरा देखकर केबल चोर खदान से बाहर निकलने का साहस नहीं दिखा पाए और भीतर ही पड़े रहे,काफी समय बीत जाने के बाद भी चोर जब बाहर नहीं निकले तो सुरक्षा अधिकारी ने खदान के मुहाड़े पर ही हथियार बंद जवानों की ड्यूटी लगा दी।यहां पर दो दिन बीत जाने पश्चात भूख व प्यास से तड़पने लगे कबाड़ चोर युवक हार मान गये जिसके बाद आज मंगलवार की दोपहर लगभग तीन बजे खदान से बाहर निकलने लगे, यहां मुहाड़े पर तैनात त्रिपुरा बटालियन के जवानों ने तीनों युवकों को पकड़कर आवश्यक पूछताछ करने के बाद बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया है।पकड़े गये कबाड़ चोर युवकों की पहचान नंदकेश्वर पिता गुलाब राम रजवार निवासी दतिमा चौकी करंजी, शिवकुमार पैकरा पिता लालजी एवं टीकम पिता मुन्ना दोनों निवासी सोनपुर चौकी करंजी बताए गए हैं।

**कम उत्पादन व लगातार कोयला चोरी होने से बंद पड़ी है खदान**

बताया जाता है कि कुमदा 7-8 खदान लंबे समय से घाटे में संचालित हो रही है,यहां गत 31 मई को अंतिम बार कोयला उत्पादन किया गया था,बताया गया कि रोजाना महज 50 टन कोयला यहां से उत्पादन हो रहा था ,उत्पादित कोयला में आधे से ज्यादा कोयला को चोर दिन दहाड़े चोरी कर रहे थे।कोयला चोरी की लगातार वारदात और कम उत्पादन घाटे के स्थिति को देखते हुए क्षेत्रीय प्रबंधन ने यहां कोयला उत्पादन बंद करते हुए यहां के कई कोल कर्मियों का क्षेत्र के दूसरे खदानों में तबादला कर दिया।कुम्दा 7-8 खदान में आज की स्थिति में महज 144 कोल अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं।

**मंगलवार से बलरामपुर 10-12 खदान में कामकाज हुआ बंद**

बताया गया कि कुमदा सहक्षेत्र के दूसरी बलरामपुर 10-12 नंबर खदान भी आज एक जुलाई से सीटीओ के अभाव में बन्द हो गई है,यहां मंगलवार से कोयला उत्पादन का कार्य ठप्प हो गया है।अभी कुछ माह पहले भी यह खदान सीटीओ के आभाव में पांच से छह माह तक बंद पड़ी रही।सीटीओ के अल्प समय के लिए नवीनीकरण के बाद बलरामपुर खदान शुरू तो हुई लेकिन अब पुनः सीटीओ की तिथि समाप्त हो जाने से आज मंगलवार एक जुलाई से खदान से कोयला उत्पादन बंद हो गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** धान बीज लेकर आ रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक ग्रामीण की मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर निवासी परमेश्वर यादव आ. स्व. शिवमंगल यादव (65 वर्ष) गत दिन दामाद तुलेश्वर यादव के साथ भैसामुडा बाइक से धान बीज लेने गए थे। दोपहर को दोनों वापस घर आने लगे और जैसे ही दवनकरा पंचायत भवन के समीप गांव जाने के लिए बाइक मोड़े तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक यूपी 52 एसी 5251 का चालक तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में परमेश्वर यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दामाद घायल हो गया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।



# धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।

लाइफ Style



# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक शाप

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं।

हॉलीवुड मसाला




# जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



# 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्जा कर लिया है।



# शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



# नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।

टीवी मसाला




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्दी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।


## नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।



# रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण को कसकर लगाया गले

*मुंबई। बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण'की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दूबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*



# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन'फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा



अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।

## कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

*नई दिल्ली। हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया'ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर'से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

## खबर संक्षेप

### शिक्षिका गायत्री का योगदान रहेगा यादगार : सरपंच

**पुसौर।** एनटीपीसी लारा क्षेत्र के प्रभावित ग्राम देवलसुरा में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला की शिक्षिका गायत्री महाणा का स्थानांतरण शासकीय स्कूल कठानी में हो गया है। वर्ष 2011 से लगातार 14 वर्षों तक इस विद्यालय में सेवाएं देने वाली शिक्षिका को उनके योगदान, कार्यशैली और अनुशासन के लिए याद किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय में एक सादगीपूर्ण एवं सम्मानजनक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम देवलसुरा के सरपंच कन्हैया डनसेना ने की। समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, पदाधिकारी, छात्र एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से रोहित डनसेना, शैलेश पटेल, सुनील गुप्ता, तरुण गुप्ता, तुषार गुप्ता, जगन्नाथ डनसेना सहित अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। शिक्षिका गायत्री महाणा के साथ वर्षों तक कार्य करने वाले सहकर्मियों एवं पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और उन्हें एक अनुशासित, मेहनती और समर्पित शिक्षिका बताया। विद्यार्थियों ने कहा कि गायत्री मैडम के मार्गदर्शन में उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन और नैतिकता का पाठ भी मिला। सरपंच ने कहा कि गायत्री महाणा एक समयनिष्ठ और समर्पित शिक्षिका थीं। उनके पढ़ाने के तरीके और विद्यार्थियों के प्रति लगाव के कारण कई छात्रों ने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय को उनके योगदान पर गर्व है और उनका स्थानांतरण निश्चित रूप से एक कमी जैसा होगा।

### डाककर्मी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह

**सरिया।** विभागीय कार्यों को अपनी सच्ची निष्ठा के तहत कार्य करने के उपरांत उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना सदा की जाती है। ऐसे ही कार्य करने वाले सरिया डाकघर के अंतर्गत उप डाकघर ग्राम बार के उप डाकपाल सुरेश पटेल को सोमवार को फूल माला तथा अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। डाकघर सरिया अंतर्गत ग्राम बार में पदस्थ उप डाकपाल सुरेश पटेल के आज सेवानिवृत होने पर डाकघर सरिया में उन्हें विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप संभागीय निरीक्षक डाक मोहम्मद नियाजउद्दीन ने कहा कि विगत 37 वर्षों से सुरेश पटेल ग्राम बार उप डाकघर में सच्ची निष्ठा के साथ कार्य करते हुए सेवानिवृत हुए हैं और इस अवसर पर सरिया डाकघर के द्वारा उन्हें विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। जिसका मैं आज साक्षी हूं। मुझे बहुत प्रसन्नता हो रहा है कि सुरेश पटेल लगातार 37 वर्षों से एक स्थान में पदस्थ रहते हुए डाक विभाग में सेवा दी है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कट्टे की नोक पर ...

पन्नियों में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह गांजा ओडिसा के सबडेगा इलाके से मंगवाया था और जशपुर में खपाने की योजना थी। आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। अरुण नायडू कोई नया नाम नहीं है। वर्ष 2002 में थाना बगीचा क्षेत्र में उसने कट्टे की नोक पर लूटपाट की थी। 17 नवंबर 2002 को एक ग्रामीण अपनी जीप से जशपुर से गांव लौट रहा था। बेंढो नाला पुलिया के पास सड़क पर लकड़ी-पत्थर रख कर वाहन रोका गया, और फिर तीन लुटेरे सामने आकर कट्टे की नोक पर 42 हजार रुपए की लूट कर फरार हो गए। इस मामले में अरुण नायडू, नंदलाल और सुहेल अंसारी उर्फ गयासुद्दीन को गिरफ्तार किया गया था। लुट के मामले में अरुण नायडू को 7 साल की सजा हुई थी। नंदलाल की मृत्यु हो चुकी है। सुहेल अंसारी वर्ष 2003 में जमानत के बाद से फरार था, जिसे हाल ही में 12 मई 2025 को गढ़वा (झारखंड) से पकड़ा गया है।

### सीएमएचओ को ...

करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने खेती बाड़ी के सीजन को देखते हुए किसानों के लिए सोसायटी के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में खाद बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने परिवहन अधिकारी को सभी शासकीय वाहनों में फास्टेग लगाने के अगले मंगलवार को कलेक्टोरेट में शिविर लगाने के लिए कहा है। सभी विभाग प्रमुखों को अपने शासकीय वाहनों में फास्टेग लगाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सभी एसडीएम डिप्टी कलेक्टर, जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### विजयपुर में कुछ माह पहले बनी करोड़ों की सड़क में निकल आए बड़े-बड़े गड्ढे

# पहली बारिश में ही उखड़ गई भ्रष्टाचार की सड़क, जिम्मेदारों ने साधा मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर की सड़कों पर भ्रष्टाचार की परतें अब खुद-ब-खुद बारिश के पानी में बहने लगी हैं। वार्ड क्रमांक 47 स्थित विजयपुर क्षेत्र की मुख्य सड़क महज कुछ महीने पहले ही बनाई गई थी। नगर निगम और जनप्रतिनिधियों ने दावा किया था कि इस बार सड़क निर्माण में उच्च गुणवत्ता अपनाई गई है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेकिन पहली ही बारिश ने इन दावों की सच्चाई उजागर कर दी है।

विजयपुर की यह सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है, दरारें पड़ गई हैं और बड़े.बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो न केवल आवागमन में बाधा बन रहे हैं, बल्कि जनता के धैर्य की भी परीक्षा ले रहे हैं। यह स्थिति सवाल खड़े करती है कि आखिर निर्माण की निगरानी करने वाले अधिकारी कहां थे। और अगर गुणवत्ता से समझौता नहीं हुआ, तो फिर सड़कों की यह दुर्दशा क्यों।

### अब जनता का सवाल कब होगी कार्रवाई

इस पूरी स्थिति ने आम नागरिकों के बीच आक्रोश भर दिया है। लोगों का कहना है कि अगर निर्माण में गुणवत्ता होती, तो सड़क यूं पहली बारिश में ही उखड़कर बर्बाद नहीं होती। यह भ्रष्टाचार और लापरवाही का नतीजा है। जनता अब यह जानना चाहती है कि क्या दोषी ठेकेदार और इंजीनियरों पर कोई कार्रवाई होगी। क्या निगम के अफसरों की जवाबदेही तय की जाएगी। या फिर भ्रष्टाचार की यह सड़क यूं ही हर साल बहती बारिश के साथ बहती रहेगी।

### पार्षद ने कहा, मैंने बताया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं

वार्ड पार्षद पद्‌म प्रजा ने बताया कि उन्होंने विजयपुर क्षेत्र में सड़क की खराब स्थिति को लेकर निगम कमिश्नर से मौखिक चर्चा की थी और स्थिति से अवगत भी कराया था। लेकिन इसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब जब बरसात आ गई हैए तब हालात और भी बदतर हो गए हैं। पार्षद का कहना है कि फिलहाल सीसी रोड का निर्माण कार्य बोईरदादर में चल रहा हैए उसी का मलबा डालकर सड़क को अस्थायी रूप से सुधारने की कोशिश की जाएगी।

### विधायक के निर्देश हवा में उड़ाए गए

रायगढ़ विधायक एवं प्रदेश के वित्त और पर्यावरण मंत्री कई बार मंचों से कह चुके हैं कि सड़क निर्माण में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेकिन ऐसा लगता है कि उनके निर्देश स्थानीय प्रशासन और निगम अधिकारियों के कानों तक नहीं पहुंचते। विजयपुर की सड़कों की हालत बताती है कि प्रशासनिक अमला या तो निष्क्रिय है या फिर भ्रष्टाचार में संलिप्त। स्थानीय लोग अब खुलकर सवाल पूछ रहे हैं कि जब मंत्री खुद इस क्षेत्र से हैंए तो फिर क्यों उनकी बातों को नजरअंदाज किया जा रहा हैद्ध क्या निगम अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।

### हर साल की वही कहानी

विजयपुर पेट्रोल पंप के पास जलभराव की समस्या वर्षों पुरानी है। हर साल की तरह इस साल भी बारिश शुरू होते ही सड़क पर पानी भर गया और उसकी परतें टूटने लगीं। नतीजा सड़क फिर गड्ढों में तब्दील हो गई है। स्थानीय लोगों की मानें तो यह समस्या केवल इस साल की नहीं, बल्कि हर साल दोहराई जाती है। निगम केवल बरसात के बाद अस्थायी मरम्मत करवा देता है और फिर अगली बारिश में वही कहानी दोहराई जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निगम को क्षेत्र की समस्या की जानकारी है, फिर भी केवल दिखावटी काम किए जाते हैं। कोई स्थायी ड्रेनेज सिस्टम नहीं बनाया गया और ना ही सड़क के नीचे पानी की निकासी की व्यवस्था की गई। ऐसे में भारी बारिश में पानी सड़क की सतह को काटने लगता है और पूरी संरचना बर्बाद हो जाती है।

### कागजों में गुणवत्ता, जमीनी हकीकत खोखली

नगर निगम द्वारा हाल ही में पूरे शहर में सड़क निर्माण और मरम्मत का दावा किया गया था। करोड़ों रुपए खर्च कर शहर की सड़कों को ठीक करने की बात की गई। दावा किया गया कि इस बार सड़कें मजबूत और टिकाऊ बनाई जाएंगी। लेकिन विजयपुर की सड़क देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह गुणवत्ता केवल कागजों में ही रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क निर्माण सही तकनीकी मानकों और सामग्री से किया गया होता, तो कुछ ही महीने में इसकी यह हालत नहीं होती। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या निर्माण के समय सामग्री की जांच की गई थी। क्या जिम्मेदार इंजीनियरों ने निरीक्षण किया था।



## उर्वरक के उठाव में 16 व अल्पकालिक ऋण वितरण में 8.62 % की वृद्धि

**जशपुरनगर।** खरीफ फसल की बुआई शुरू हो गई है। किसान अपनी खेती कार्य में व्यस्त हो गए हैं। किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए प्राथमिक सहकारी समितियों के माध्यम से खाद और बीच प्राथमिकता के साथ उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा अल्पकालिन ऋण की सुविधा मुहैया करा रही है, ताकि किसान वर्ग निश्चिंत होकर खेती कर सके।

■ दलहन, तिलहन, मक्का आदि के फसल लगाने वाले किसानों को कृषक उन्नति योजना का लाभ मिलेगा

राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय की वजह से उनमें खेती के लिए अलग ही उत्साह भी नजर आ रहा है। धान प्रति क्विंटल 3100 रूपए और प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी ने किसानों में एक उमंग भर दिया है। अभी हाल में केबिनेट बैठक में किसानों के हित मे लिए गए एक बड़े निर्णय धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि के फसल लगाने वाले किसानों को कृषक उन्नति योजना का लाभ मिलेगा, इसका किसानों ने स्वागत करते हुए कहा कि इस निर्णय से छत्तीसगढ़ में खेती का दायरा बढ़ेगा और किसान समृद्ध होंगे। सहकारिता विभाग जिला जशपुर से मिली जानकारी के अनुसार इस बार रासायनिक खाद के उठाव मे 16.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। जहां विगत वर्ष जून के अंत तक जहां 7566.100 टन उर्वरकों का वितरण हुआ था, वहीं इस वर्ष जून के अंत तक 8786.190 टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। इसी प्रकार अल्पकालिक ऋण वितरण में भी 8.62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जहां विगत वर्ष जून अंत तक 34.68 करोड़ रूपयों का अल्पकालिक ऋण किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से दिया गया था। वहीं इस वर्ष जून अंत तक 37.67 करोड़ रूपयों का ऋण कृषकों द्वारा लिया गया हैं, जिसमे कुल 2.99 करोड़ रूपयों की वृद्धि हुई है। किसान क्रेडिट कार्ड के महत्व की जानकारी होते ही इसके माध्यम से किसानों द्वारा फसल बीजों के वितरण में भी 79.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केसीसी के माध्यम से विगत वर्ष जून के अंत तक जहां ऋण के माध्यम से 1332.21 क्विंटल बीजों का वितरण किया गया था, वहीं इस वर्ष जून तक 2392.46 क्विंटल धान बीज का वितरण किया जा चुका है।

## विद्यालय में बच्चों को दिया न्योता भोज

**चंद्रपुर।** नगर के युवा समाजसेवी एवं मीडिया प्रतिनिधि नीलमणि यादव गोलू ने अपने जन्मदिन को खास बनाने के लिए मंगलवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदली चंद्रपुर में बच्चों के बीच न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों बच्चों को खीर, पूड़ी, मटर पनीर की सब्जी तथा मीठे में रसगुल्ला परोसा गया। बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लेते हुए नीलमणि यादव को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं दीं और तालियों से विद्यालय प्रांगण गूंज उठा। भोज के पश्चात बच्चों को पठन पाठन में सहायक पेन भी वितरित किए गए। वही गोलू यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, बच्चे ही देश का भविष्य हैं। उनके चेहरे पर मुस्कान देखकर ही मुझे सबसे बड़ा संतोष मिलता है। मेरा प्रयास रहेगा कि समाज के हर बच्चे तक सहयोग और खुशी पहुंच सके। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशीष गुप्ता ने आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में उत्साह बढ़ाते है और समाज में सकारात्मक संदेश देते है। इस मौके पर समस्त शिक्षकगण एवं यादव के मित्रगण भी उपस्थित रहे।



## विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विकासखंड मनोरा में समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** जिले के विकासखंड मनोरा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही शासन द्वारा प्रदत निर्धारित कार्य समय पर संपन्न करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल विकास खंड श्रोत केन्द्र समन्वयक तरुण कुमार पटेल ने प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरण यू डाइस प्रोग्रेसन जाति निवास आय अपार आईडी के लक्ष्य एवं उनकी पूर्ति ऑनलाइन छात्रवृत्ति शाला प्रवेश उत्सव, एसएमसी, एसएमडीसी बैठक, एक पेड़ मां के नाम, दर्ज संख्या इंस्पायर अवार्ड, नवाचार एवं बिनोवा ऐप से संबंधित समीक्षा की गयी।



विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने संकुल प्राचार्य को नियमित मॉनीटरिंग कर संकुल में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने विद्यालयों में किचन गार्डन लगाने तथा मध्याह्न भोजन का सुव्यस्थित संचालन करवाने शासन के द्वारा संचालित उल्लास कार्यक्रम के अध्यापन एवं आगामी सितंबर माह में आयोजित परीक्षा को सफल करने हेतु आज से ही तैयारी करने की बातें कही गई। साथ ही यह भी कहा गया कि आप सभी के सहयोग से ही हम विकासखंड मनोरा को शैक्षिक क्षेत्र में बहुत आगे ले जा सकेंगे। बैठक में उपस्थित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने में सहयोग की बातें कही गयी। समीक्षा बैठक को सुव्यवस्थित संचालित करनें में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी जगतपाल राम का पूर्ण सहयोग रहा।

## पशुधन विकास विभाग के एक अधिकारी व दो कर्मचारी सेवानिवृत्त

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पशुधन विकास विभाग के सेवानिवृत्त 1 अधिकारी और 2 कर्मचारी को शाल श्रीफल और पेंशन अदायगी एवं उपादान आदेश प्रदाय करके अपनी हार्दिक बधाई शुभकामनाए दी और उनके स्वस्थ दीर्घायु की कामना की। पशुधन विकास विभाग के अजय कुमार सिंह, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, सुनील कुमार श्रीवास्तव, डेयरी पर्यवेक्षक ग्रेड-दो एवं दिलेश्वर साय, पट्टीबंधक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी एसडीएम डिप्टी कलेक्टर, जनपद पंचायत सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।



## रेंगालपाली बैरियर में जल्द बनकर तैयार होगा आरटीओ चेक पोस्ट का नया भवन

**पुसौर।** अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित रेंगालपाली आरटीओ बेरियर अब जल्द ही स्थायी भवन में संचालित होने की दिशा में बढ़ रहा है। रायगढ़-उड़ीसा एनएच मार्ग पर स्थित यह आरटीओ बेरियर वर्षों से अस्थायी व्यवस्था में किराए के मकान या टिन के टपरे में संचालित होता आ रहा था, लेकिन अब इसके लिए नया चेक पोस्ट भवन निर्माणाधीन है।

जानकारी के अनुसार, भवन निर्माण कार्य बाबा कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। वर्तमान में पिलर खड़ा हो चुका है और परिसर में अवैध रूप से फैले फ्लाई ऐश को हटाया जा रहा है। हालांकि निर्माण एजेंसी द्वारा भवन की लागत, प्राक्कलन तथा निर्माण की समय-सीमा को लेकर कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई, लेकिन स्थानीय सूत्रों की मानें तो कार्य तेज गति से चल रहा है और यह भवन जल्द ही तैयार हो सकता है। बताया जा रहा है कि रेंगालपाली बेरियर से कुछ दूरी पर उड़ीसा राज्य की सीमा शुरू हो जाती है, ऐसे में यह स्थान लंबे समय से अंतरराज्यीय चेकिंग के लिए संवेदनशील और महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। पूर्व में खनिज विभाग का चेक पोस्ट भी अस्थायी व्यवस्था में संचालित होता था, जिसे अब पक्के भवन में स्थानांतरित किया गया है। क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी की विशेष निगरानी में क्षेत्र के आवागमन व्यवस्थाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है।

### जेपीएल तमनार में कर्मचारी सम्मानित

**तमनार।** जेपीएल तमनार में इलेक्ट्रिकल विभाग द्वारा विद्युत सुरक्षा संबंधी क्विज प्रतियोगिता, सामान्य सावधानियों के बारे में जेपीएल के अधिकारी कर्मचारियों व ठेका कर्मचारियों को जागरूक करते शून्य दुर्घटना लक्ष्य पाने विभिन्न प्रतियोगिता की जा रही है। 1 जुलाई को विद्युत क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कर्मचारी राकेश कश्यप, दुलेन्द्र पटेल, धनराज सिदार, सेतकुमार, पवन, सुमंत, सोनू बेहरा, गुलाब पटेल, सुशील अन्य को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

## इंदिरा नगर में निकली रथयात्रा, उमड़ी भीड़

**रायगढ़।** शहर के इंदिरा नगर में सोमवार को भव्य रथयात्रा निकाली गई। महाप्रभु जगन्नाथ, भैया बलभद्र व बहन सुभद्रा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर रथारूढ़ कराया गया, उसके बाद रथ खींचने श्रद्धालुओं में होड़ लग गई। इस मौके पर खाने पीने व खिलौने के स्टॉल भी लगे हुए थे। देर रात तक मोहल्ले में मेले सा माहौल रहा। शहर का आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया से रथोत्सव की धूम शुरू हो जाती है।

राजापारा, बैकुंठपुर सहित अन्य जगन्नाथ मंदिरों में द्वितीया को महाप्रभु को रथारूढ़ कराकर रथयात्रा निकाली जाती है। उसके बाद अन्य मोहल्लों में भी धूमधाम से रथयात्रा निकालने की परंपरा है। इसी कड़ी में इंदिरा नगर में सोमवार को रथोत्सव मनाया गया। इंदिरा नगर चौक स्थित हनुमान मंदिर से रथयात्रा प्रारंभ हुई। इसके पूर्व महाप्रभु जगन्नाथ, भैया बलभद्र व बहन सुभद्रा की प्रतिमा को रथारूढ़ कराया गया। रथयात्रा पूरे मोहल्ले का परिभ्रमण कर पुनः चौक पहुंची।



# गर्मियों में आता था 3 हजार का बिजली बिल, इस बार शून्य से नीचे चला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आमतौर पर गर्मियों में बिजली के बिल लोगों के लिए परेशानी का सबब होते हैं। लगातार कूलर पंखे एसी चलने से बिल कई गुना तक बढ़ जाते हैं और लोगों पर आर्थिक भार पड़ता है। पीएम सूर्यघर योजना ने इन भारी भरकम बिलों से राहत का रास्ता खोला है।

■ पीएम सूर्यघर योजना से जिनके घर हो रहे रोशन उन्होंने कहा, किफायती बिजली का कारगर उपाय

घर पर रूफ टॉप सोलर पैनल से उपभोक्ता अब ऊर्जा प्रदाता बन रहे हैं। यही नहीं गर्मियों में आने वाले हजारों के बिजली बिल अब घटकर शून्य से नीचे चले गए हैं। यह उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की बात साबित हो रही है।

रायगढ़ के कोड़ातराई में सतीश कुमार चौधरी ने अपने घर पर 3 किलोवॉट का सोलर पैनल लगवा रखा है। इसमें उन्हें 78 हजार रुपए सब्सिडी मिली थी। सतीश बताते हैं कि पहले गर्मियों के मौसम में उनका बिजली बिल 2५5 से 3 हजार तक आता था। उन्होंने बताया कि बिजली बिल में राहत की उम्मीद से उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना का लाभ लेकर अपने घर की छत पर सोलर सिस्टम लगवाया। जिसका फायदा उन्हें तुरंत दिखना शुरू हो गया। पिछले साल 2024 में जो बिजली बिल अप्रैल माह में 2430 और मई में 3220 रूपए आया था। वो इस साल 2025 के अप्रैल और मई में घटकर शून्य से नीचे चला गया। इस अप्रैल में बिल माइनस 921 ;921द्ध और मई में माइनस 1077 ;1077द्ध आया। इस बिल का मतलब था कि घर पर लगे सोलर पैनल से इतनी बिजली बनी कि घर की आवश्यकता भी पूरी हुई और अतिरिक्त बिजली विद्युत विभाग को देकर उतना पैसा बिल से माइनस हो गया। जिसका उपयोग आगे फिर अपनी जरूरत के हिसाब से कर सकेंगे। सतीश चौधरी ने कहा कि किफायती बिजली पाने का यह कारगर उपाय है। उन्होंने दूसरों से भी योजना लाभ लेने की बात कही।



### ऊर्जाक्रांति के लिए शुरू की गई है योजना

उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर ऊर्जाक्रांति के लिए शुरू की गई महत्वपूर्ण योजना है। यह उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रदाता बनने का अवसर देती है। जिसमें अपनी घर की छत पर सोलर पैनल लगवाकर भारी भरकम बिजली बिल से छुटकारा पाया जा सकता है। यह हरित ऊर्जा को बढ़ावा देती है। केंद्र और राज्य सरकार दोनों से सब्सिडी मिलने के कारण अब सोलर पैनल लगवाना काफी आसान और किफायती हो गया है।

## जिलाबदर निगरानी बदमाश शराब की बड़ी खेप के साथ पकड़ा गया

**रायगढ़।** कुछ ही दिन पहले जिला बदर हुए निगरानी बदमाश पवन प्रजा को चक्रधर नगर पुलिस ने इंदिरा विहार के जंगल में शराब की बड़ी खेप के साथ पकड़ा है। वहीं उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। बदमाश पवन प्रजा पर थाना चक्रधर नगर में मारपीट, लूटपाट, आबकारी और प्रतिबंधक धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं। जिसे देखते हुए रायगढ़ कलेक्टर ने उसे जिला बदर किया है। इसके बाद भी आरोपी जिला से बाहर न जाकर शहर में ही रहते हुए अपराधिक वारदातों में शामिल था। इसी बीच थाना प्रभारी चक्रधरनगर अमित शुक्ला को सूचना मिली कि विजयपुर निवासी निगरानी बदमाश पवन प्रजा इंदिरा विहार जंगल में नाला किनारे अवैध रूप से महुआ शराब बना रहा है। सूचना पर एएसआई नंद कुमार सारथी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर तत्काल दबिश दी गई। पुलिस ने मौके पर विजयपुर वार्ड क्रमांक 47 निवासी पवन प्रजा को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से जरिकेन व ड्रम में भरा हुआ 80 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 16000 रुपये आंकी गई है। इसके अलावा शराब निर्माण में प्रयुक्त सिल्वर के पात्र, जिसमें प्लास्टिक पाइप लगा था भी जब्त किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी पवन प्रजा ने नाला किनारे महुआ से कच्ची शराब तैयार कर बिक्री के उद्देश्य से रखने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
रॉंची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411